हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 54 देहरादून, बुधवार, 14 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



संस्कृत के सम्मान के लिए सचिव दीपक कुमार गेरुला का अद्भुत प्रयास, राज्यपाल ने दी शाबासी 3

# तिरंगा यात्रा के नायक बने मुख्यमंत्री धामी

## रुड़की में नेहरू स्टेडियम से शताब्दी द्वार आई आई टी तक संचालित हुई तिरंगा बाइक रैली





- तिरंगा यात्रा की पूरे उत्तराखंड में चर्चा
- मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का किया आह्वान







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुड़की , 14 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुड़की में आयोजित तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वयं बाइक चलाकर रैली की शुरुआत की। सैकड़ो की संख्या में बाईकों पर लोग इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की शान तिरंगा देश भक्ति एवं देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने तिरंगा यात्रा को देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेने का भी अभियान बताया। मुख्यमंत्री ने सभी से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में भी सहयोगी बनने की अपील की। इस अवसर पर सांसद कल्पना सैनी विधायक प्रदीप बत्रा पूर्व विधायक कुवर प्रणव चैम्पियन, देशराज कर्णवाल सहित अनेक जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।







# लहसुन का मुकदमा खत्म ! सब्जी घोषित हुई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 अगस्त , लहसुन, जिसे आमतौर पर मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, वनस्पति विज्ञान में इसे सब्जी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह सब्जी परिवार का सदस्य है जिसमें प्याज, लीक और शैलोट्स शामिल हैं। हालांकि, इसके मजबूत स्वाद और खाना पकाने में अक्सर इस्तेमाल किए जाने के तरीके के कारण, लहसुन को अक्सर पाक संदर्भों में मसाले के रूप में माना जाता है।

जी हाँ मसाला बताते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की डिजीवन बेंच ने हर रसोई के लिए अहम लहसुन को लेकर बड़ा फैसला दिया है. कोर्ट का कहना है कि लहसुन को सब्जी और मसाले.. दोनों के बाजार में बेचा जा सकता है. हाईकोर्ट ने यह अहम फैसला देते हुए किसानों, व्यापारियों और कमीशन एजेंटों के विवाद को सुलझा दिया, जिसके बाद से अब यह तय हो जाएगा कि लहसुन को किस प्रदेश के किन बाजारों में बेजा जाएगा. अदालत ने फैसला दिया कि लहसुन को सब्जी और मसाला दोनों बाजारों में बेचा जा सकता है, जिससे इसके व्यापार पर लगे प्रतिबंध हट जाएंगे और किसानों और विक्रेताओं दोनों को लाभ होगा. बेंच का कहना है कि दोनों बाजारों में लहसुन के बिकने से किसानों को फायदा होगा.



मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने लहसुन को सब्जी के रूप में वर्गीकृत करने का फैसला सुनाया है, जिससे इसे सब्जी और मसाला दोनों बाजारों में बेचा जा सकेगा। इस फैसले से किसानों और विक्रेताओं को लहसुन बेचने के लिए अधिक बाजार विकल्प उपलब्ध होने से लाभ होगा। पीठ ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फरवरी 2017 के आदेश को बहाल कर दिया।




मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड ने 2015 में एक प्रस्ताव पारित कर प्याज को सब्जी की श्रेणी में शामिल कर दिया था। हालांकि, हिंदुस्तान टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद कृषि विभाग ने उस आदेश को रद्द कर दिया और प्याज को मसाले की श्रेणी में शामिल कर दिया। इसके लिए कृषि उपज मंडी समिति अधिनियम 1972 का हवाला दिया गया।अदालत ने अब 2017 के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें कहा गया है कि लहसुन एक सब्जी है क्योंकि यह एक जल्दी खराब होने वाली वस्तु है।

# IRCTC बुक करेगा नमो भारत ट्रेन टिकट, 4 दिन रहेगा वैध

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 अगस्त , इंडियन रेलवे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने 'वन इंडिया वन टिकट' पहल को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है. इस समझौते का उद्देश्य भारतीय रेलवे और नमो भारत ट्रेनों में यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाना है. नमो भारत ट्रेन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर चलती है.यात्री अब IRCTC के प्लेटफॉर्म पर नमो भारत ट्रेन का टिकट बुक कर सकते हैं. बयान में कहा गया है कि प्रत्येक नमो भारत ट्रेन टिकट के लिए यूनिक QR कोड जेनरेट होगा और यह रेलवे की इलेक्ट्रॉनिक आरक्षण पर्ची (ERS) पर आसानी से प्रिंट होगा. यह QR कोड चार दिनों के लिए वैध रहेगा- यात्रा तिथि से एक दिन पहले, यात्रा तिथि के दिन और उसके दो दिन बाद.




मुख्य ट्रेन के टिकट पर प्रत्येक यात्री को एक यूनिक QR कोड के साथ नमो भारत ट्रेनों का टिकट मिलेगा, जिससे सफर के दौरान यात्रियों को कोई परेशानी नहीं होगी. रेलवे ट्रेन टिकट के लिए बुक की गई सभी नमो भारत ट्रेन टिकटों के लिए सभी यात्रियों के लिए एक ही प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन होगा. बयान में कहा गया है कि मौजूदा रेलवे आरक्षण विंडो (एआरपी) के अनुसार टिकट 120 दिन पहले तक बुक किए जा सकते हैं. नमो भारत ट्रेन का टिकट बुक होने पर यात्री को एसएमएस और ईमेल के जरिये सूचित किया जाएगा, जिसमें पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल पते पर यूनिक आरआरटीएस क्यूआर कोड विवरण भेजा जाएगा.

टिकट रद्द करने की सुविधा

बयान में कहा गया है कि नमो भारत ट्रेन टिकट का किराया IRCTC सुविधा शुल्क (5 रुपये + कर) के साथ IRCTC प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान विधियों का उपयोग करके आसानी से एकत्र किया जाएगा. अगर किसी वजह से यात्री टिकट रद्द करता है तो नमो भारत ट्रेन का पूरा किराया वापस कर दिया जाएगा, लेकिन IRCTC सुविधा शुल्क, भुगतान गेटवे शुल्क और संबंधित कर वापस नहीं किए जाएंगे. यात्री अपने यात्रा विवरण के अनुसार आसान पहुंच और यात्रा के लिए ERS या मोबाइल ऐप का उपयोग करके स्टेशन प्रवेश द्वार पर अपने RRTS QR कोड स्कैन कर सकते हैं.

दैनिक यात्रा उसी दिन की यात्रा के लिए वैध

अगर यात्री रेलवे ट्रेन टिकट बुकिंग के दौरान RRTS (रैपिड रेल) टिकट बुकिंग न करने का विकल्प चुनता है, तो वह अपने बुकिंग इतिहास पर दोबारा जा सकता है और बाद में RRTS टिकट बुक करने का विकल्प चुन सकता है. बयान में कहा गया है कि रेल टिकट खरीदे बिना भी यात्री IRCTC प्लेटफॉर्म से दैनिक यात्रा के लिए नमो भारत ट्रेन का टिकट बुक कर सकते हैं, जो उसी दिन की यात्रा के लिए वैध होगा.

## मेरिट के आधार पर प्रवेश की मांग

नई टिहरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रथम सेमेस्टर में मेरिट के आधार पर प्रवेश की मांग की है। इस मांग को लेकर एबीवीपी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन प्रेषित किया है। एबीवीपी के छात्र नेताओं का कहना है कि सीयूईटी परीक्षा में अनियमितता एवं विषय संयोजन में त्रुटि के कारण कई छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित हैं। जबकि ऐसे में कई पाठ्यक्रमों में सीटें खाली होने की संभावनाएं हैं। जो विश्वविद्यालय के लिए बेहतर स्थिति नहीं है। ऐसे में विश्वविद्यालय को मेरिट के आधार पर प्रवेश करने चाहिए। साथ ही परिसर में बायोमेट्रिक सिस्टम स्थापित एवं पीजी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित करना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में एबीवीपी के नगर मीडिया प्रमुख आदित्य रतूड़ी , नगर प्रमुख आशीष राणा, विपिन नेगी, परिसर इकाई उपाध्यक्ष धीरज चंद्रपाल , वैभव उनियाल आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृति को चुनी गई

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के जीजीआईसी थत्यूड़ की छात्रा रियांशी, तानिया, मोनिका, दीपिका रावत, सानिया, श्वेता का मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के लिए चयन हुआ है। अब सभी चयनित छात्राओं को प्रदेश सरकार की ओर से हर महीने 15 सौ रुपये की धनराशि मिलेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा मेहरा ने बताया प्रतियोगिता का प्रथम चरण न्याय पंचायत स्तर पर द्वितीय चरण ब्लॉक स्तर में संपन्न होने के बाद तृतीय चरण की जिला स्तरीय प्रतियोगिता नरेंद्रनगर में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता में शटल, रनिंग, स्टैंडिंग बोर्ड जंप, 30 मीटर फ्लाइंट रन, बैंड एंड रीच और मेडिसिन बॉल, 600 मीटर दौड़ में सभी छात्राओं ने सफलता हासिल की। विद्यालय प्रधानाचार्य मेहरा ने छात्रवृत्ति में चयनियत छात्राओं को बधाई देकर इन खिलाड़ियों से अभी कड़ा अभ्यास कर अगले वर्ष बेहतर प्रयास की उम्मीद जताई है।

## एएसपी ने चंबा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

नई टिहरी। एएसपी जेआर जोशी ने मंगलवार को चंबा पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी जोशी ने सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण किया। जिसके बाद टोली कमांडरों से टोली चलवायी गई। पुलिस जिम, भोजनालय, शस्त्रागार, आर्म्स-अम्यूनेशन, एमटी, कम्प्यूटर कक्ष, कैश कार्यालय, पुलिस कैंटीन का गहन निरीक्षण किया। एएसपी ने शस्त्रों के रखरखाव को लेकर उचित दिशा निर्देश भी दिये। भोजनालय की साफ-सफाई पर विशेष फोकस करने के निर्देश देते हुए महिला-पुरुष कर्मचारियों के बैरक को भी देखा। निरीक्षण में सीओ ओसिन जोशी आदि मौजूद रहे।

## वेतन का भुगतान नही होने पर कूड़ा गाड़ियों का संचालन किया ठप

हल्द्वानी। नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक-परिचालकों ने समय से वेतन नहीं मिलने पर मंगलवार को कूड़ा गाड़ियों का संचालन ठप कर दिया। आधे दिन की हड़ताल कर चालकों ने दोपहर बाद शहर में घरों और दुकानों से कूड़ा नहीं उठाया। जल्द भुगतान नहीं किए जाने पर नगर निगम प्रशासन को अनिश्चितकाल के लिए संचालन बंद करने की चेतावनी दी गई।घर और दुकानों से निकलने वाले कूड़े को उठाने के लिए नगर निगम वाहनों का संचालन करता है। इसके लिए निजी एजेंसी से अनुबंध किया गया है, लेकिन इन वाहनों के चालक-परिचालकों को वेतन समय से नहीं मिल पा रहा है।

इसी मांग को लेकर मंगलवार को उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ से जुड़े कार्मिकों चालक-परिचालकों ने दोपहर बारह बजे बाद वाहनों का संचालन ठप कर दिया। नैनीताल रोड के किनारे गाड़ियां रोककर पार्क में सभा की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निगम के सभी कर्मचारियों को माह से प्रथम सप्ताह मे वेतन का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन निगम से भुगतान नहीं होने पर उन्हें हर माह समय से वेतन नहीं मिलता है। जिससे लगातार आर्थिक संकट बनने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल बना रहता है। यहां शाखा अध्यक्ष सचिन भारती, महामंत्री अमन कुमार, सुभाष, मुकेश मसीह, सुनील मसीह, सुनील सिंह, अरविंद कुमार, देवेंद्र पाल, प्रेम पाल, अक्षय कुमार, जितेंद्र मौजूद रहे।

## नशे की सामग्री बेचने वाले 09 दुकानदारों का जोशीमठ पुलिस ने चालान किया

चमोली। जोशीमठ पुलिस ने मंगलवार को जोशीमठ मुख्य बाजार में सघन अभियान चलाया और नगर के 9 दुकानदारों के विरूद्ध 81 पुलिस एक्ट में चालान कर अर्थदंड वसूला। इन दुकानों से ओसीबी व ओडीसी पेपर जिनका उपयोग नशा करने वाले कागज के रूप में होता है पुलिस ने बरामद किया है। जिसके बाद इन पेपरों को मौके पर ही नष्ट कर संबन्धित दुकानदारों को खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। उपनिरिक्षक देवेन्द्र पन्त ने बताया कि जिन दुकानों से ये पेपर प्राप्त हुए हैं उन्हें हिदायत दे दी गई है कि भविष्य में यदि कोई भी नशा या नशा में प्रयोग होने वाले समानों को बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ होंगे सेवा पदक से सम्मानित

रुद्रप्रयाग। जनपद में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित होंगे। जिसकी पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने घोषणा कर दी है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष प्रदेश के कई पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों का चयन मुख्यमंत्री सेवा पदक के लिए हुआ है। जिसमें जनपद में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल को आगामी 15 अगस्त के अवसर पर उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय में उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह (मेडल) से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के लिए चयन होने पर पुलिस विभाग के कार्मिकों ने खुशी व्यक्त की है। एसपी विशाखा अशोक भदाणे सहित जनपद के समस्त पुलिस बल ने सम्मानित होने जा रहे पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग को बधाई दी है।

## उत्तराखंड ग्रामीण बैंक और राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग के मध्य हुआ एमओयू

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक और राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग के मध्य एमओयू अनुबंध पर समझौता हुआ है। जिसमें बैंक द्वारा कर्मचारियों को कई लाभ देने का भरोसा दिया गया। यूजीबी के सहायक महाप्रबंधक प्रवीण कुमार गोयल ने बताया इस अनुबंध में अब राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग के कर्मचारियों को कम ब्याज दर पर व्यक्तिगत ऋण मिलेगा। जबकि 25 लाख का दुर्घटना बीमा बैंक की तरफ से कराया जाएगा। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य आशुतोष त्रिपाठी, श्रीकांत नौटियाल, डॉ. रंजीता पाण्डेय, डॉ. अनीता बिष्ट, नवीन कुमार महाजन, शाखा प्रबंधक राजेंद्र रावत, सहायक प्रबंधक दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# संस्कृत के सम्मान के लिए सचिव दीपक कुमार गेरुला का अद्भुत प्रयास, राज्यपाल ने दी शाबासी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 अगस्त, 2024 राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन और संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार ने शिष्टाचार भेंट कर संस्कृत शिक्षा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्कृत भाषा के माध्यम से समरसता विकसित किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के अल्पसंख्यक संस्थानों से समन्वय स्थापित करते हुए परिचर्चा/संवाद हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालयों के नाम पट्टिका आदि तथा राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य के प्रवेश द्वारों तथा सार्वजनिक स्थलों में लगे सरकारी होर्डिंग्स में लिए नाम/सूचनाओं को संस्कृत भाषा में भी लिखवाए जाने हेतु कार्यवाही गतिमान है। बालिकाओं का रूझान संस्कृत शिक्षा की ओर बढे, इस ओर भी प्रयास किए जा रहे हैं।

सचिव दीपक कुमार ने बताया कि संस्कृत को बढ़ावा दिए जाने हेतु अधिकाधिक संस्कृत प्राथमिक विद्यालयों का संचालन किए जाने पर भी कार्यवाही गतिमान है। वहीं संस्कृत अकादमी द्वारा देश की शैक्षणिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक आदि संस्थाओं में संस्कृत सम्भाषण शिविरों का आयोजन कर 01 लाख लोगों को संस्कृत सम्भाषण सिखाए जाने का लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की पुस्तक मेरी योजना के द्वितीय संस्करण की प्रगति के बारे में भी राज्यपाल को अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा हमें हमारी जड़ों से जोड़ने वाली भाषा है इसके प्रचार-प्रसार के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी द्वितीय राजभाषा है, अधिक से अधिक लोग संस्कृत भाषा से जुड़ें इसके लिए विशेष प्रयास हों।

## जनपद स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में 69 बालक एवं 52 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



चमोली। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में आयोजित जनपद स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में मंगलवार को विकासखंड जोशीमठ, नन्दानगर व दशोली तथा नगर पालिका जोशीमठ के 69 बालक एवं 52 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 08 वर्ष से 14 वर्ष के प्रत्येक आयु वर्ग में 25 बालक एवं 25 बालिका सहित जनपद से कुल 150 बालक एवं 150 बालिका खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति स्वीकृत के लिए चयन प्रक्रिया गतिमान है।

जिला क्रीडाअधिकारी गिरीश कुमार ने प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को आवेदन के साथ स्थायी निवास, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बैंक पास बुक की छाया प्रति संलग्न करने को कहा।

चयन प्रक्रिया में जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया हेतु चयन समिति के संयोजक श्री गिरीश कुमार प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी गोपेश्वर चमोली, खेल विभाग के श्री जयवीर सिंह रावत, एन0एस0 नेगी, राजपाल सिंह, उत्तम सिंह अनूप सिंह, देवेन्द्र सिंह कठैत, विक्रम सिंह कण्डेरी, ताजबर सिंह विभिन्न विद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं से आये शारीरिक प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का गौचर में प्रशिक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर में बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता को 2026 तक सुनिश्चित करने के लिए निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

प्रशिक्षण में कर्णप्रयाग, नारायणबगड़ व थराली ब्लॉक के 45 प्रतिभागियों प्रतिभाग कर रहे हैं। प्राचार्य डायट आकाश सारस्वत ने शिक्षा की बेहतरी के लिए बनी नीतियों, निपुण विद्यालयों की संकल्पनाओं, शिक्षण के तरीकों, सामूहिक जन्मोत्सव, समानता के अवसरों, व्यसनमुक्त समाज व दीवार पत्रिका आदि पर विस्तृत चर्चा की। एफएलएन जिला समन्वयक गोपाल कपरूवाण ने उदघाटन सत्र, पंजीकरण, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के संदर्भ में प्रधानाध्यापक की भूमिका पर जानकारी प्रदान की। संदर्भदाता डायट गौचर सुमन भट्ट ने बालमित्र पुस्तकालय, पुस्तकालय कोने का संचालन तथा रुम टू रीड संस्था देहरादून के प्रशान्त बर्त्वाल ने पुस्तकों का चयन, प्रदर्शन एवं स्तरीकरण, बाल पुस्तकालय प्रबंधन कमेटी, सहपठन, जोड़ो में पठन, मुखर वाचन, स्वतंत्र पठन विषय पर जानकारी दी।

जिला संदर्भदाता अंजना खत्री व विमला रावत ने साक्षरता, साहित्य एवं पुस्तकालय, अभिभावकों एवं समुदाय की भागीदारी तथा रेटिंग सिस्टम पर चर्चा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नीलम कुंवर ने जेंडर संवेदीकरण, रीमा व गौरव ठाकुर ने सामान्य अकादमिक प्रक्रियाओं में प्रधानाध्यापक की भूमिका व उत्तरदायित्व विषय पर जानकारी दी। मौके पर डायट संकाय सदस्य कमलेश मिश्रा व नीतू सूद उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन योजना की जांच हो

नई टिहरी। प्रतापनगर के प्रधानों सहित स्थानीय लोगों ने सोमवार को नई टिहरी के जल संस्थान पर जल जीवन मिशन की 20 गांवों की योजना में मनमाने तरीके से फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाते हुए डीएम से गहन जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठोस जांच न की गई तो ग्रामीण मामले में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन देने के साथ ही न्यायालय की शरण में जाकर एसआईटी जांच की मांग करने को मजबूर होंगे। प्रतापनगर के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जल संस्थान विभाग ने जल जीवन मिशन की प्रतापनगर ब्लाक के 20 गावों की योजना करोड़ों का फर्जी भुगतान किया है। जिसकी शिकायत जन प्रतिनिधि प्रतापनगर की बीडीसी बैठक में कर चुके हैं। लेकिन अभी तक सम्बंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि प्रारंभिक विभागीय जांच में गड़बड़ी सामने आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### नशे से होने वाले नुकसान बताए

पौड़ी। नशामुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से मुक्त थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारीखाल के ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। प्राचार्य डा. केबी श्रीवास्तव ने कहा कि महाविद्यालय का भवन अभी निर्माणाधीन है। जल्द ही नया भवन महाविद्यालय को मिल जाएगा। कहा कि महाविद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास सभी लोगों को करना चाहिए। कार्यक्रम में संजय पटवाल, अर्जुन पटवाल, डा. निशा चैहान, डा. राजेश कुमार, डा. बबलू कुमार, प्रिया नेगी, चांदनी, गरिमा, किरन, मानसी, मीनाक्षी, तश्वर, सचिन, अभिषेक, नितिन, नीतू, राखी आदि शामिल रहे।

### पायलट प्रोजेक्ट से पूरी होगी शिक्षा

पौड़ी। राजकीय इंटर कॉलेज खोलाचौरी में टच योर सोल संस्था की संस्थापिका डा. मधु चौधरी ने मंगलवार को जन संवाद के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से छात्रों की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उनके हितार्थ किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्था होनहार और निर्धन छात्र-छात्राओं की हर संभव मदद करती है। लेकिन छात्र-छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में लगन से अध्ययन करना चाहिए और अच्छे संस्कारों को अपनाकर आदर्श नागरिक बनकर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में जो बच्चे आर्थिक स्थिति के कारण अपनी शिक्षा को रेगुलर नहीं रख पाते उनके लिए दूरस्थ शिक्षा पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से शुरू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। संस्था ने हर वर्ष छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, टिफिन, वाटर बोटल, ट्रेक शूट, अंडर गारमेंट, जूते, मौजे, प्रदान किए जा रहे हैं। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश आर्य, पारुल, नीरद, चंद्र प्रकाश, एसपी अवस्थी, राकेश ध्यानी, कैलाश पंवार, रंजन रावत, जितेंद्र राणा, विकास मुयाल, वीरेंद्र खंकरियाल, रश्मि सेमवाल, आरती गुसाईं, वंदना ध्यानी, विधोत्तमावती, प्रशांत पुरी आदि शामिल रहे।

### पौड़ी में स्कूली बच्चों-भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

पौड़ी। शहर में मंगलवार को विभिन्न स्कूलों के बच्चों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इस दौरान तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस पर स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सम्मान में नगर वासियों से हर घर तिरंगा लगने की अपील भी की गई। मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय पौड़ी के समीप से माल रोड होते हुए शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। जिन शहीदों ने हमें आजादी दिलाई उनको नमन करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तराखंड में जगह-जगह पर भाजपा संगठन की ओर से तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। कहा की तिरंगा यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों में शहीदों के सम्मान में तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयूर भट्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगत किशोर बड़थ्वाल, बीरा भंडारी, प्रियंका थपलियाल, नीलम जुयाल, क्रांतिक किशोर नेगी, शशि चंद्र रतूड़ी, मैत्री प्रकाश, विकास चौहान आदि शामिल रहे।

# महिला की निर्मम हत्या करने वाला आरोपी नैनीताल पुलिस की गिरफ्त में

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल , 14 अगस्त , 12 अगस्त को कालीचरन निवासी गली नं0 2 कुल्यालपुरा नवाबी रोड़ हल्द्वानी नैनीताल की रिपोर्ट पर बताती है कि जब शिकायतकर्ता अपने काम से बाजार गया था। लगभग 11 बजकर 42 मिनट पर उसके किरायेदार विनोद कुमार का उसके पास फोन आया और उसने कहा कि लाला जी जल्दी घर आ जाओ आपकी पत्नी को किसी ने चाकू मार दिया। किसने मारा पूछने पर विनोद ने बताया कि जो पहले आपके यहाँ ताला लगाने आया था। इसके बाद कालीचरण घर आया और अपने घर पहुँचा तो उसकी पत्नी कुसुम गुप्ता घर के अन्दर फर्श में लहुलुहान अवस्था में पड़ी हुई थी और उसकी सांस चल रही थी।

पत्नी से पूछने पर उसने कहा बताया कि तुम्हारा भतीजा गौरव गुप्ता (गोपू) आया था उसने मुझे चाकू मारे। इसके बाद फरियादी ने आस-पड़ौस वालों की मदद से अपनी पत्नी कुसुम गुप्ता को




कृष्णा हॉस्पिटल ले गया। जहाँ डाक्टर ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। एफआईआर में कालीचरण ने बताया कि पत्नी कुसुम गुप्ता उम्र लगभग 50 वर्ष को हमारे भतीजे गौरव गुप्ता (गोपू) ने चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी है, जिसके आधार पर कोतवाली हल्द्वानी पर एफ0आई0आर0दर्ज़ की गयी।

इस मर्डर केस का जल्द खुलासा और हत्यारे की अरेस्टिंग के लिए प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकाश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी वऔर नितिन लोहनी,




क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के नेतृत्व में व उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के साथ में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए थाना हाजा पर पुलिस टीम का गठन किया गया । उक्त घटना के संबंध में गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आस – पास सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस टीमने आज अभियुक्त गौरव गुप्ता उर्फ गोपू को कैंसर अस्पताल तिराहा से 100 मीटर आगे लाईफ लाईन तिराहा रोड रूद्राक्ष वाटिका के पास हल्द्वानी से गिरफ्तार कर लिया और आगे की पूछताछ की जा रही है।

## सीएचसी व पीएचसी में हो रही 'निःशुल्क जांच योजना' संचालित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की पहल से जनपद के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ''निःशुल्क जांच योजना''' संचालित की जा रही है। निशुल्क जांच योजना के अन्तर्गत आम जनमानस को सभी राजकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध जाँचों के साथ-साथ चिकित्सक द्वारा लिखी जाने वाली सभी प्रमुख जांचे जैसे कि बायोकेमिस्ट्री, हिमोटोलॉजी, कैंसर मार्कर, विटामिन की जांच, हार्मोन की जांच, बायोप्सी, इम्युनोलॉजी, न्यूट्रिशनल एवं ट्यूमर मार्कर आदि 290 जाँचों से अधिक जांचे निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजकेश पांडे द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार डॉ0 धन सिंह रावत के प्रयासों से जनपद के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में माह दिसम्बर 2021 से निःशुल्क जांच योजना आम जनमानस की सुवधा हेतु संचालित है। योजना के आरम्भ होने से जुलाई 2024 तक 78706 लोगों द्वारा 270512 जांचों का लाभ लिया गया है। जिसमे कुल 2,60,51,494 (दो करोड़, साठ लाख, इक्यावन हजार, चार सौ चौरानवे रुपये ब्यय हुये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि सीमांत जनपद होने के फलस्वरूप पूर्व में लोगों को सुदूरवर्ती गांवों से देहरादून एवं अन्य मैदानी क्षेत्रों में जिन प्रमुख जांचों हेतु जाना पड़ता था और अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था, आज वो सभी प्रमुख जाँचें जनपद के सभी प्रमुख स्वास्थ्य चिकित्सा इकाईयों में ही सुगमता से उपलब्ध हो रही हैं। सीएमओ ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की गई कि उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने हेतु उक्त सेवा के साथ-साथ प्रसवोपरांत जच्चा-बच्चा को घर तक छोड़ने तथा 0-1 वर्ष तक के बीमार बच्चों को अस्पताल लाने व ले जाने की निःशुल्क सुविधा हेतु हेल्पलाइन नं0-102 नंबर, आकास्मिक एंबुलेंस सेवा हेतु-108 एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी, सुझाव व शिकायत निवारण हेतु-104 डायल करें। ताकि आम नागरिक को सभी स्वास्थ्य सुविधाऐं सुगमता से प्राप्त हो सके।

## छात्राओं ने जवानों को रक्षा सूत्र भेंट किए

चमोली। केंद्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम के छात्राओं और अध्यापिकाओं द्वारा प्रतिविद्रोहिता एवं जंगल युद्ध कला पद्धति स्कूल सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम के अधिकारियों और जवानों को रक्षा सूत्र भेंट किया गया। तथा उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय ढोंडियाल व अध्यापिकाओं द्वारा डॉ. अतुल कुमार राय कार्यवाहक उप महानिरीक्षक के साथ संस्थान के अन्य अधिकारियों को राखी भेंट की गई । इस अवसर पर कार्यवाहक उप महानिरीक्षक ने सभी छात्राओं व अध्यापिकाओ को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसा महसूस हो रहा है कि वे और उनके जवान अकेले नहीं है, बल्कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## गोपेश्वर में भायुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

चमोली। सीमांत पर्वतीय जिला चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में मंगलवार को सड़कों पर हर तरफ तिरंगे की चमक दमक रही। भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भायुमो मोर्चा ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा मंदिर मार्ग से लेकर नगर के मुख्य मार्गो से निकली। भायुमो द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा गोपेश्वर में बदरीनाथ विधानसभा संयोजक संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष जिला महामंत्री दीपक भट्ट, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, महामंत्री कुलदीप वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र राणा, दशोली मंडल अध्यक्ष बल्लभ प्रसाद थपलियाल, हर्षवर्धन, विनोद कनवासी, हरनंदन सिंह बिष्ट, सत्येंद्र असवाल, उपेंद्र भंडारी, नंदी राणा, चंद्राकला तिवारी, लक्ष्मी बिष्ट, आशा नेगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा और भाजयुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच हाईवे जल्द खोले शासन-प्रशासन

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड के पूर्व प्रधान राकेश गोस्वामी ने कहा कि केदारघाटी में आई आपदा के चलते बीते 13 दिन गुजर जाने के बाद भी सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक हाईवे नहीं खुल पाया है। जबकि शासन-प्रशासन लोगों को गुमराह कर रहा है कि रास्ता खुल गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी कई जगहों पर मलबा गिरा हुआ है जबकि हाईवे पर आवाजाही बंद है। कहा कि एनएच लोनिवि द्वारा बार-बार यह बयान दिया जा रहा है कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच आवाजाही शुरू हो गई है इससे लोग गुमराह हो रहे हैं।

वास्तविकता यह है कि अभी तक कई जगहों पर हाईवे की स्थिति बुरी बनी हुई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच युद्ध स्तर पर काम करते हुए हाईवे खोलने की मांग की है। कहा कि हाईवे न खुलने के कारण गौरीकुंड क्षेत्र के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग अपने जरूरी कार्य से इधर-उधर नहीं आ पा रहे हैं। इधर, एनएच लोनिवि के ईई निर्भय सिंह ने बताया कि सोनप्रयाग से 150 मीटर भाग पर मशीन को दूसरी तरफ पहुंचा दिया गया है। जबकि जल्द ही आगे भी मार्ग सुचारु कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने फरार वारंटी दबोचा

पौड़ी। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में सजायाफ्ता फरार वारंटी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पहचान छुपाकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। कोतवाल अमरजीत सिंह रावत ने बताया कि धोखाधड़ी में मामले में आरोपी शमशुद्दीन निवासी सकतुआ बुजुर्ग, थाना तरकुलवा जिला देवरिया उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सश्रम व तीन माह की साधारण कैद की सजा सुनाई थी। कुछ समय बाद कोर्ट से जमानत पर रिहा होने के बाद वह पेश नहीं हुआ। जिसके बाद कोर्ट ने कई बार आरोपी के खिलाफ जमानती व गैर जमानती वारंट जारी किए। लेकिन शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए पहचान छुपाकर लगातार ठिकाने बदलता रहा। इस बार न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी के गैरजमानती वारंट पर पुलिस ने आरोपी को टिकरी गांव सेक्टर-48 गुरुग्राम से गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

### विधायक के आश्वासन पर छात्रों का आंदोलन स्थगित

पौड़ी। गढ़वाल केंद्रीय विवि के बीजीआर परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे छात्रसंघ अध्यक्ष ने विधायक के हस्तक्षेप करने के बाद मंगलवार को आंदोलन को समाप्त कर दिया। विधायक द्वारा कुलपति को फोन करने के बाद छात्रों ने आंदोलन को कुछ दिनों तक समाप्त कर दिया है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द समस्याएं हल नहीं की गई तो फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। पौड़ी परिसर में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने बीते सोमवार से परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान, बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। अध्यक्ष ने बताया कि मांगों को लेकर पूरा परिसर एकजुट है। बताया कि छात्रों ने परिसर के प्रशासनिक भवन के समक्ष सोमवार रातभर अनशन जारी रखा। मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे विधायक राजकुमार पोरी ने आंदोलित छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल के साथ फोन पर वार्ता कर छात्रों की मांगों को पूरा करने को कहा। विधायक पोरी ने बताया कि कुलपति ने एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। इस मौके पर विधायक ने अनशन पर बैठे छात्रों को जूस पिलाकर आंदोलन को समाप्त करवाया। छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक ने बताया कि छात्रों ने मांगें पूरी करने के लिए विवि को एक हफ्ते की जगह 15 दिन का समय दिया है। चेतावनी दी कि 15 दिन में मांगें पूरी नहीं हुई तो फिर से उग्र आंदोलन शुरू होगा। इस मौके पर छात्रसंघ कोषाध्यक्ष लवीश नेगी, जीआर खुशी कोली, आर्यनग्रुप के जिलाध्यक्ष कुश रावत, कुनाल रावत, मनजीत असवाल, आशीष थपलियाल, रिया नयाल, आकाशी ढौंडियाल आदि शामिल रहे।

### अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

पौड़ी। भारी बारिश से बीते दिनों थलीसैंण ब्लॉक के डांग जैंती में राहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अफसरों ने ग्रामीणों ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने मार्गों को प्राथमिकता के साथ ठीक करने की मांग उठाई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया। जिसमें कई गांवों के लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। इस दौरान बीडीओ टीकाराम कोटियाल ने कहा कि क्षेत्र में कई क्षतिग्रस्त रास्तों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। कुछ रास्ते आवागमन के लिए सुचारू कर दिए गए है।

### उपजिलाधिकारी से वार्ता रही विफल, ग्रामीणों का क्रमिक उपवास जारी

चमोली। जोशीमठ के दूरस्थ गांव डुमक के लोगों का अपने गांव तक सड़क की मांग को लेकर क्रमिक अनशन मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। वहीं ग्रामीणों को मनाने पहुंचे उपजिलाधिकारी जोशीमठ से ग्रामणों की वार्ता विफल रही। बता दें गोपेश्वर के सैंजी लगा मैकोट से स्यूंड डुमक कलगोठ तक वर्ष 2008 में 29 किमी सड़क स्वीकृत हुई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि स्यूंण तक संबन्धित एजेन्सी पीएमजीएसवाई ने सड़क बना दी लेकिन उनके गांव तक के लिए आगे की सड़क कटिंग नहीं की जा रही है।

# उत्तराखंड में तलाकशुदा बेटी को मिलेगी फैमिली पेंशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 अगस्त , उत्तराखंड सरकार ने बड़ा फैसला करते हुए महिलाओं को बड़ी राहत दी है। आपको बता दें कि राज्य कर्मचारियों के पारिवारिक पेंशन सिस्टम में धामी सरकार बदलाव करने जा रही है जिसके बाद राज्य कर्मचारियों की तलाकशुदा बेटी को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। तलाकशुदा बेटी को भी पारिवारिक पेशन देने के लिए सरकार पेंशन व्यवस्था में बदलाव को तैयार हो गई है।इस बदलाव के बाद अगर माता-पिता की मृत्यु के बाद भी यदि बेटी का तलाक होता है तो वह पारिवारिक पेंशन की हकदार होगी।

पेंशन संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी

उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पेंशन संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार और यूपी में यह व्यवस्था पहले से ही लागू है।वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड की धामी सरकार राज्य के राजकीय कर्मचारी अथवा पेंशनभोगियों की अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा पुत्री को पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति देने जा रही है। रिटायर्ड राज्य कर्मचारी की मौत होने के बाद आश्रितों को पारिवारिक पेंशन दी जाती है। कर्मचारी को मिलने वाली पेंशन का यह 30 प्रतिशत होता है। पारिवारिक पेंशन में अब तक तलाकशुदा बेटी के लिए परिभाषा तय थी कि माता-पिता के जीवित रहते हुए जिसकी तलाक की प्रक्रिया पूरी हो गई हो, उसे ही इसका लाभ दिया जाता था।

एक पूर्व खेल अधिकारी की बेटी ने सरकार के सामने रखा मामलाएक पूर्व खेल अधिकारी की तलाकशुदा बेटी ने इस मामले को उत्तराखंड सरकार के सामने रखा था। उनका कहना था कि उसकी तलाक की प्रक्रिया पिता के जीवित रहते हुए वर्ष 2019 में शुरू हो गई थी। कुछ समय बाद पिता की मई 2022 में मृत्यु हो गई।इससे पहले मां की वर्ष 2018 में मृत्यु हो गई थी। ऐसे में वो पारिवारिक पेंशन के लिए वास्तविक पात्र है। इस विषय पर लंबे समय से विचार-विमर्श किया जा रहा था।






## विदेश भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये ठगे

विकासनगर। सहससपुर क्षेत्र में पिता, मां और बेटे ने मलेशिया भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये हड़प लिए। पैसे लौटाने के लिए सहमति होने के बाद भी अब वह टाल मटोल कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मुकेश त्यागी ने बताया कि शमशाद निवासी ग्राम घमोलो खुशहालपुर ने तहरीर दी है। बताया कि शहीद उर्फ भूरा, उसका पुत्र अरबाज और पत्नी महमूदा निवासी भारूवाला ने उनके पुत्र उम्मान को मलेशिया भेजने का झांसा दिया। उन्होंने बीजा, टिकट आदि के लिए ढाई लाख रुपये लगने की बात कही। इस पर उन्होंने पचास हजार नगद और दो लाख रुपये गूगल पे के माध्यम से उनके खाते में डाल दिए। कहा कि इसके बाद उनके कहने पर मलेशिया जाने के लिए वह दिल्ली पहुंच गए। वहां उन्हें पता चला कि उनका मलेशिया के लिए कोई बीजा नहीं लगा हुआ है। फोन करने पर उन्होंने कागजों में कुछ दिक्कत की बात कही। साथ ही उन्होंने उन्हें कोलकाता जाने के लिए कहा। बताया कि वह वहां से थाईलैंड और मलेशिया का टिकट करा देंगे। इसके बाद उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ। बताया कि जो भी लेटर, वीजा, टिकट उन्हें दिए गए थे वह सभी फर्जी पाए गए। बताया कि घटना के बाद जब वह आरोपियों के घर गए तो उन्होंने ग्राम प्रधान और अन्य लोगों के सामने एक महीने में पैसा लौटाने की बात कही। लेकिन अब वह पैसे लौटाने में टाल मटोल कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## टौंस नदी चेतावनी निशान से 10 सेमी ऊपर बही

विकासनगर। टौंस और यमुना के जल स्तर में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इन नदियों के ऊपरी कैचमेंट एरिया में बारिश हो रही है। मंगलवार को टौंस का बहाव चेतावनी निशान से 10 सेमी अधिक और खतरे के निशान से मात्र 1.5 मीटर कम था। जबकि यमुना भी खतरे के निशान के नजदीक बह रही थी। टौंस और यमुना के जल स्तर में उतार चढ़ाव के कारण स्थानीय बाशिंदों के साथ ही प्रशासन की भी नींद उड़ी हुई है। मंगलवार को टौंस नदी का जल स्तर 643.70 मीटर रहा। यह चेतावनी निशान 643.60 मीटर से 10 सेमी अधिक और खतरे के निशान 644.75 मीटर से 1.5 मीटर कम रहा। टौंस का जलस्तर चेतावनी निशान के पार पहुंचने के साथ ही प्रशासन चौकन्ना हो गया है। मंगलवार दोपहर बाद से ही एसडीआरएफ और जल पुलिस के जवान तटवर्ती इलाकों में गश्त करते रहे। इच्छाड़ी बांध से कुछ दूरी पर जल पुलिस ने नाव भी तैयार रखी थी। बांध से पानी छोड़े जाने के बावजूद जल स्तर में कमी नहीं आ रही थी। इससे प्रशासन की चिंता बढ़ी रही। तहसील मुख्यालय में बने आपदा कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी उत्तरकाशी के मोरी तहसील प्रशासन से ऊपर के क्षेत्र में हो रही बारिश और टोंस में बढ़ रहे पानी के बहाव की गति की जानकारी लेते रहे। एसडीएम योगेश मेहरा ने बताया कि किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दूसरी ओर मंगलवार को यमुना का जल स्तर 454.91 मीटर दर्ज किया गया। यमुना में खतरे के निशान 455.37 मीटर है।

## पछुवादून से जौनसार तक भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

विकासनगर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पछुवादून में भाजपाइयों ने पछुवादून से लेकर जौनसार तक जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भाजपाइयों ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। भाजपाइयों ने जगह-जगह सफाई अभियान भी चलाया। क्वांसी मंडल ने उपाध्यक्ष बचना शर्मा के नेतृत्व में लाखामंडल बाजार में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली और सफाई अभियान चलाया। इसमें उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा फहराना अति आवश्यक है। तिरंगा हमारे देश की शान और पहचान है। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक दीवान सिंह चौहान, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शर्मिला, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश, आईटी संयोजक दीपक कुमार, अमित डोभाल, रोशनी देवी, भाजपा नेता कृपाल सिंह, कंवर सिंह, राजपाल राणा, नारायण सिंह चौकी इंचार्ज जयपाल गोसाई, रविंद्र सजवान आदि मौजूद रहे। उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में चकराता कैंट में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा बस स्टैंड चकराता से कैलाना पोस्ट आफिस और चुंगी से शहीद चौक होते हुए चौक बाजार पहुंची। शहीद चौक पर शहीदों को कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री प्रताप रावत ने सभी देशवासियों से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा संजय तोमर, सतीश चंद, विनायक, मोनिका अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नारायण राणा, साहिया मंडल अध्यक्ष प्रवीण चौहान आदि मौजूद रहे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा देहरादून ग्रामीण ने तिरंगा पदयात्रा निकाली। यात्रा नवाबगढ़ नंबर एक पुल से लेकर डाकपत्थर, विकासनगर चौक तक निकली। इस दौरान समीना सिद्दीकी, जिला प्रभारी सरफराज, जिला अध्यक्ष फतेह आलिम, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अरुण डबराल, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह, महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा तारीख अहमद, नईम खान, फिरोज खान, गुलशेर अली आदि मौजूद रहे।

उधर, सेलाकुई में भी भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में राज्यसभा सांसद नरेश बसंल, विधायक सहदेव पुंडीर सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। इस दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बसंल और विधायक सहदेव पुंडीर ने सभी लोगों से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

## छात्राओं ने बनाई मनमोहक राखियां

विकासनगर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के तत्वावधान में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं की ओर से बनाई गई रंग-बिरंगी राखियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में होल्डिंग हाउस प्रथम, मिलन हाउस दूसरे और पिंडारी हाउस तीसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य डॉ. शशिकला कठैत ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राखी का त्योहार प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। यह रक्षा का प्रतीक है। छात्राओं की बनाई राखियों को आईटीबीपी के जवनों को भेजा गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य के पद पदोन्नति से भरे जाएं

विकासनगर। प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शिक्षकों का कहना है दस प्रतिशत शिक्षकों ने भी प्रधानाचार्य की भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया है। राजकीय शिक्षक संघ की विकासनगर ब्लॉक शाखा ने मंगलवार को शिक्षा मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि लंबी सेवा के बाद शिक्षकों को इस पद तक पहुंचने का अवसर मिलता था। लेकिन सरकार ने इसे सीधी भर्ती का पद बना दिया है। इसके लिए नियम-कायदे भी ऐसे रखे गए हैं कि दस प्रतिशत शिक्षक ही आवेदन कर पाए हैं। शेष शिक्षक आवेदन से ही वंचित रह गए हैं। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से एलटी से प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति नहीं हुई है। इससे कई पात्र शिक्षक पदोन्नति से वंचित रह गए हैं। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक से प्रधानाचार्य के पदों पर भी पदोन्नति रूकी हुई है।

इससे शिक्षकों में आक्रोश है। राजकीय शिक्षक संघ पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने को लेकर लंबे समय से मांग कर रहा है, जिससे पात्र शिक्षकों को पदोन्नति का अवसर मिल सके। ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती प्रक्रिया की विज्ञप्ति को निरस्त कर प्रधानाध्यापकों की पदोन्नति की जानी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो जनपद और प्रांतीय नेतृत्व के साथ मिलकर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग भी प्रदेश सरकार से उठाई है। ज्ञापन भेजने वालों में राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कांति, मंत्री सीपी नौटियाल, तेजवीर मलिक, मंजू कुकरेती, बलविंदर कौर, रेनू तोमर, किसन दत्त सेमल्टी, मनोज कुमार, ओम प्रकाश सिंह, बलवीर रावत, अभिषेक दीक्षित, बुद्धि सिंह चौहान, जय सिंह चौहान, राम आसरे चौहान आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसजे विवि ने चुनौतियों का सामना कर हासिल की उपलब्धियां: प्रो सतपाल सिंह बिष्ट

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट ने स्थापना दिवस पर सभी को बधाइयाँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय धीरे धीरे आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना के समय की समस्याओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो सुशील कुमार जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय की नींव को मजबूत बनाने में संविदा शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों का योगदान बहुत है। स्थापना काल से यहां के शिक्षक, कर्मचारीगण नींव मजबूत कर रहे हैं, जिनके भविष्य को लेकर सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाइयाँ दी। पूर्व कुलपति प्रो नरेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि सभी मिलकर विश्वविद्यालय के हित में कार्य करें। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान की समस्याओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक हमने कई चुनौतियों का सामना करते हुए कई उपलब्धियों को प्राप्त किया है। हम अपने अग्रजों के सहयोग से इस विश्वविद्यालय को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्ववविद्यालय के सभी शिक्षकों, कार्मिकों के साथ संविदा शिक्षक एवं संविदा कर्मचारियों के बल पर विश्वविद्यालय आगे बढ़ने लगा है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों एवं कार्मिकों के पदों के सृजन के लिए प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है। संरचनात्मक स्वरूप में भी सकारात्मक दिशा में प्रयास हो रहे हैं। सकारात्मक सोच के साथ हम विश्वविद्यालय को ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल का संदेश का प्रसारण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति प्रो नरेंद्र सिंह भंडारी, द्वितीय कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट , पूर्व परीक्षा नियंत्रक सुशील कुमार जोशी और प्रो देव सिंह पोखरिया को दिशा देने और महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी, डॉ मुकेश सामंत, संजना भंडारी, देवेंद्र पोखरिया, प्रकाश सती, त्रिलोक बिष्ट, आनंद बिष्ट, विपिन चंद्र जोशी, विनीत कांडपाल, ललित जोशी आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक के कार्यालय में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

अल्मोड़ा। भारत की आजादी के 78 वें वर्ष के शुभ आगमन पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के नेतृत्व में आज उनके कार्यालय लोअर माल रोड में जिला चिकित्सालय के सहयोग से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने भारी संख्या में बढ-चढ कर भागीदारी की तथा स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने कहा कि रक्तदान से आप कई जिंदगियों को बचा सकते हैं। यह रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करता है और उसके जीवन को सुरक्षित बनाने के साथ ही उन्हें उनकी गंभीर स्थिति से उबरने में मदद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान सिर्फ बीमार या दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद ही नहीं करता बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भरा कदम भी उठाता है। साथ ही रक्त दानकर्ता के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। रक्तकोष में आवश्यकता के अनुसार रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है इसलिये हमें लोगों की मदद के लिये अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिये। यहाँ रक्तदान कार्यक्रम में भाष्कर सिंह बिष्ट, कृष्णा सिंह, कैलाश भट्ट, अमरनाथ सिंह रजवार, अनुज वर्मा, कुन्दन सिंह, जाविर अली, हरीश मर्तोलिया, भाष्कर पाण्डे, रोहित शैली, सुधीर कुमार, गौरव काण्डपाल आदि द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के चिकित्सक, तकनीशियन, नर्स, स्टाफ तथा किशन गुरूरानी आदि उपस्थित रहे।

### अभिभावक बोले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे

पिथौरागढ़। बलुवाकोट अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर अनशन कर रहे ग्रामीणों को राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को भी आंदोलनकारियों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए कि अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि जब तक विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। बलुवाकोट में अभिभावक संघ के नेतृत्व मे छटें दिन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज मेहरा, एमएससी अध्यक्ष पुष्कर सिंह एरी, जयराम आगरी, दीपा देवी, आनंदी देवी व हंसा देवी अनशन में बैठे। ग्राम प्रधान पूरन ग्वाल, डॉ. रमेश चंद, पूर्व ग्राम प्रधान हरीश आर्या, खीम राम, पदम राज जोशी, मानमती देवी, ममता देवी, पुष्कर बिष्ट, सरिता, हरीश बिष्ट, गजेंद्र ग्वाल, नंदा देवी, नवीन सिंह, महेश सामनत, जीतेन्द्र, पुष्कर चंद, रतना देवी, पार्वती देवी, जय राम, पुष्कर आर्या आदि रहे।

# जानिए फैक्ट्स - गाड़ी पर तिरंगा, 3 साल की जेल...

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 अगस्त , स्वतंत्रता दिवस पर कई लोग अपनी बाइक या कार पर तिरंगा लगाए हुए दिखाई देते हैं. लेकिन हर किसी को ऐसा करने की इजाजत नहीं है. भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के अनुसार केवल कुछ लोगों को अपने मोटर वाहन पर तिरंगा फहराने का कानूनी अधिकार है. आइए जानते हैं उस लिस्ट में कौन-कौन शामिल है.

15 अगस्त से पहले भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत कर दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरी 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी 'harghartiranga.com' पर अपलोड करने की अपील की थी. लेकिन राष्ट्रीय ध्वज के इस्तेमाल और प्रदर्शन को लेकर नियम-कानून हैं. इनके उल्लंघन पर सजा का प्रावधान है.




स्वतंत्रता दिवस पर अक्सर लोग अपनी बाइक या कार पर तिरंगा लगा लेते हैं. लेकिन हर किसी को ऐसा करने की इजाजत नहीं है. भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के अनुसार केवल कुछ लोगों को अपने मोटर वाहन पर तिरंगा फहराने का कानूनी अधिकार है.

किनके पास वाहन पर तिरंगा लगाने की पावर?

नेशनल फ्लैग कोड कहता है कि तिरंगे को कहीं भी लगाते वक्त उसकी केसरिया पट्टी सबसे ऊपर होनी चाहिए. इसके अलावा फटा या मैला-कुचैला ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाना चाहिए.

अब बात करते हैं कि कौन लोग अपनी गाड़ी पर राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित कर सकते हैं. भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के पैराग्राफ 3.44 के अनुसार, मोटर कारों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का विशेषाधिकार केवल इन व्यक्तियों तक ही सीमित है-

राष्ट्रपतिउप-राष्ट्रपतिराज्यपाल और उपराज्यपालभारतीय मिशन पदों के प्रमुखप्रधानमंत्रीकैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और संघ के उप मंत्रीकिसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रीलोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपाध्यक्ष, लोकसभा के उपाध्यक्ष, राज्यों में विधान परिषदों के अध्यक्ष, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विधानसभाओं के अध्यक्ष, राज्यों में विधान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यों में विधानसभाओं के उपाध्यक्ष और केंद्र शासित प्रदेश भारत के मुख्य न्यायाधीशउच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशउच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशउच्च न्यायालयों के न्यायाधीश

नियम तोड़ने पर कितनी सजा?

नागरिकों को घर पर तिरंगा फहराने या हाथ में झंडा लेकर चलने की आजादी है. लेकिन प्राइवेट गाड़ियों पर झंडा लगाना कानूनन अपराध है. अगर कोई इसका दोषी पाया जाता है तो उसे पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई की जा सकती है. इसके अनुसार भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान करने पर व्यक्ति को 3 साल तक की जेल, या जुर्माना, या फिर दोनों सजाएं हो सकती हैं.

# कब-कब गाया जाता है राष्ट्रगान ? जानिए नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 अगस्त , भारत का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्योहार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाता है. स्वतंत्रता दिवस भारत के लिए गर्व और एकता का प्रतीक है. इस दिन भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी हासिल की थी. यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कड़ी मेहनत और बलिदान की याद दिलाता है. इसके साथ ही एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण के लिए हमारे दायित्व को दोहराने का अवसर भी देता है. स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी कई ऐसी रोचक बातें हैं, जो हर भारतीय को पता होनी चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में.






बांग्ला भाषा में लिखा गया था सबसे पहले राष्ट्रगान

सबसे पहले राष्ट्रगान को बांग्ला भाषा में लिखा गया था. भारत का राष्ट्रगान सुनते ही हमें एक अलग साहस और ऊर्जा मिलती है. 27 दिसंबर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता सत्र के दौरान सार्वजनिक रूप से राष्ट्रगान को प्रदर्शित किया गया था. आधिकारिक रूप से 24 जनवरी 1950 में राष्ट्रगान को संविधान सभा की ओर से अपनाया गया था.

कब-कब गाया जाता है राष्ट्रगान ?

आमतौर पर स्कूल में प्रेयर के दौरान राष्ट्रगान गाया जाता है. हालांकि, स्कूल के अलावा भी ऐसे कई अवसर हैं, जहां राष्ट्रगान गाया जाता है.औपचारिक अवसरों पर राष्ट्रीय सलामी देने के लिए.

परेड प्रदर्शन के दौरान.

राष्ट्रपति के कार्य अभिभाषण से पहले और उसके बाद.किसी औपचारिक समारोह में राष्ट्रपति या राज्यपाल के प्रवेश और प्रस्थान से पहले.जब सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है.

राष्ट्रगान के दौरान खड़े क्यों होते हैं हम?

राष्ट्रगान के दौरान मौजूद लोग राष्ट्रगान के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए सावधान की मुद्रा में खड़ा हुआ जाता है.

राष्ट्रगान की आचार संहिता

प्रत्येक व्यक्ति का सिर ऊंचा रहना चाहिए.राष्ट्रगान के दौरान आगे देखना जरूरी है.राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के साथ ही राष्ट्रगान एक स्वर में गाया जाएगा.राष्ट्रगान के शब्दों या संगीत की किसी भी पैरोडी या विरूपण की अनुमति नहीं है. राष्ट्रगान का अपमान करने पर कानून.

## साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

चमोली। डिग्री कॉलेज नंदासैंण में नशा मुक्ति अभियान व साइबर अपराध के विषय में एनएसएस व पुलिस की ओर से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष कर्णप्रयाग डीएस रावत ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर प्रति सावधानी बरतने को कहा। साथ ही युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की अपील की व इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयं सेवियों, अतिथिगण व महाविद्यालय परिवार द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण की। महाविद्याल प्राचार्य प्रो. बीके सिंह सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। मौके पर राजेश सिंह, ऋतु सिंह, यशवंत सिंह, डॉ. सुबोध भंडारी, नीतूदत्त नौटियाल, अमरचन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## जीआईसी नंदासैंण में शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति की मांग

चमोली। अटल उत्कृष्ट जीआईसी नंदासैंण में अभिभावक अध्यापक संघ ने रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती करने की मांग उठाई है। संघ के अध्यक्ष अर्जुन भंडारी, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष बीरेंद्र रावत, प्रधान ताजवर भंडारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य हरेंद्र चौधरी, सुमन देवी, सरिता कुंवर, कुलदीप सिंह, आशा भंडारी, बीरेंद्र नेगी, चंपादेवी व दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालय में गणित, भौतिक विज्ञान व भूगोल में प्रवक्ता एवं अंग्रेजी में सहायक अध्यापक के पद रिक्त हैं। जिससे विद्यालय का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में 15 से अधिक गांवों के 232 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं और परीक्षाओं के भी कुछ ही महीने शेष रह गए हैं। पद रिक्त होने से अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में असन्तोष व्याप्त है। उन्होंने कॉलेज में रिक्त अध्यापकों के पदों पर नियुक्ति की मांग उठाई है।

## कुराड़ में मोबाइल सिग्नल न मिलने से लोग परेशान

चमोली। तहसील थराली के कुराड़, पार्था, लेटाल, डुग्री, रतगांव, बमोटीया, सगवाडा, डूंगाखोली, कलचुना क्षेत्र में मोबाइल सिग्नल न होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां 2015-16 में स्थापित एक निजी कंपनी का टावर तीन-चार वर्षों तक सही सिग्नल देता रहा। लेकिन दो-तीन वर्षों से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस टावर के अंतर्गत लगभग 5 से 6 हजार उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कई बार उच्च अधिकारियों तथा स्थानीय विधायक को शिकायत भेजी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## लोगों के खोए मोबाइल फोन लौटाए

चमोली। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक चमोली अमित सैनी ने विभिन्न लोगों के खोए हुए कुल 60 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया सर्विलांस सेल चमोली के जवानों ने फोनों को उनके मालिकों तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की, सूचनाएं जारी की और जनता से सहयोग मांगा। उनकी मेहनत और समर्पण के परिणामस्वरूप खोए हुए फोन बरामद हुए। मोबाइल फोन रिकवरी टीम में उपनिरीक्षक ध्वजवीर पंवार, हेड कांस्टेबल अंकित पोखरियाल, कांस्टेबल आशुतोष तिवारी, चन्दन नागरकोटी, राजेन्द्र रावत, रविकांत आर्या शामिल रहे।

## पांगर गांव में ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन

नई टिहरी। भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में उत्तराखंड अर्थ एवं संख्या निदेशालय ने जिला मुख्यालय के निकटस्थ पांगर गांव के मतदाताओं के साथ ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन किया। अर्थ एवं संख्याधिकारी गोपाल गुप्ता ने बताया कि चुनाव आयोग लोक सभा चुनाव के बाद एंडलाइन सर्वे ऑफ नॉलेज, एटीट्यूड एवं प्रैक्टिसेज-2024 संपन्न करवा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं के साथ चुनाव से संबंधित ज्ञान, अभिवृत्ति और अभ्यास से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर मतदाताओं की राय जानकर सुझाव प्राप्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय में छात्रों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

पिथौरागढ़। नगर के सोरवैली पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्जिता पाठक का आईआईटी रुड़की के लिए चयन हुआ है। इससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। अर्जिता के पिता गिरीश चंद्र पाठक सीएससी सेंटर चलाते हैं। माता शोभा पाठक गृहिणी हैं। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व विद्यालय के गुरुजनों को दिया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. उमा पाठक, प्रधानाचार्य लीलावती भट्ट जोशी ने कहा कि विद्यालय की छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल कर विद्यालय और सीमांत जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने अर्जिता को बधाई देते हुए अन्य छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने को कहा है।

### एसएसबी जवानों ने निकाली तिरंगा रैली

पिथौरागढ़। एसएसबी की 55वीं वाहिनी के अधिकारियों व जवानों ने भारत-नेपाल सीमा पर तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें जवानों के साथ ही स्कूली छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। मंगलवार को एसएसबी के सहायक सेनानायक गहना सिंह मराठा के नेतृत्व में जवानों ने बाजार में जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर मराठा ने कहा कि आजादी का 78वां साल सभी को धूम-धाम से मनाना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत के बाद हमें यह आजादी मिली है। इसे बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। रैली में राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। साथ ही लोगों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है। रैली में निरीक्षक प्रशांत भिंडा, उप निरीक्षक लाइबर सिंह, दिलीप मंडल, दीपक शुक्ला, हेमंत कुमार, विनोद कुमार, सुनील कुमार, जीआईसी के प्रधानाचार्य जेआर शाह, व्यापार मंडल अध्यक्ष, स्थानीय लोग शामिल रहे।

### घायल यात्री को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया

चमोली। भगवान शिव के प्रसिद्ध धाम रुद्रनाथ के यात्रा रूप पर घायल यात्री को मंगलवार को रुद्रनाथ बुग्याल से हैलीकॉप्टर रेस्क्यू कर उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स पहुंचाया गया। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया सोमवार की दोपहर को रुद्रनाथ मार्ग पर फरीदाबाद के रहने वाले नीरज शर्मा गंभीर चोट लगने के कारण गंभीर तौर पर घायल हो गए थे। इसकी सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा घायल को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया। लेकिन मौसम ठीक नहीं होने के कारण हेलीकॉप्टर घटना स्थल पर लैंड नहीं कर पाया। मंगलवार को सुबह 6 बजे मौसम ठीक होने पर घायल को हेली से रेस्क्यू कर उपचार के ऋषिकेश एम्स भेजा गया है।

# केदारनाथ उप चुनाव में कांग्रेस महिला प्रत्याशी पर करे भरोसा : शशि सेमवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष शशि सेमवाल ने आगामी केदारनाथ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव में पार्टी से दावेदारी की है। उन्होंने कहा कि यह सीट महिलाओं के लिए मुफीद हुई है। इसलिए पार्टी इस बार उन्हें अधिकृत करती है तो अश्वय सफलता मिलेगी। रुद्रप्रयाग के जीएमवीएन में पत्रकारों से वार्ता में कांग्रेस नेत्री ने कहा कि पूर्व में इस सीट पर भाजपा से आशा नौटियाल दो बार विधायक रही। जबकि दिवंगत शैलारानी रावत भी दो बार विधायक रही। ऐसे में इस सीट पर कांग्रेस को महिला प्रत्याशी मैदान में उतारनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं एसीसीआई सदस्य रही हैं, जबकि वर्तमान में प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि वे लगातार पार्टी की सेवा कर रही है इसलिए पार्टी से टिकट मांगना उनका हक है। पार्टी हाईकमान को उन्होंने अपनी बात रख दी है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हाल ही में आई केदारनाथ आपदा में भाजपा सरकार द्वारा समय पर कार्य नहीं किए जा रहे हैं। अभी भी सोनप्रयाग से गौरीकुंड हाईवे बंद पड़ा है। जबकि सरकार के मुखिया कह रहे हैं कि 15 दिनों में यात्रा शुरू कर देंगे। अभी पैदल मार्ग की स्थिति बुरी है। जबकि हाईवे सोनप्रयाग के साथ ही कई जगहों पर मुश्किलें पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उषाड़ा, किनझाणी, दैडा आदि स्थानों पर भूस्खलन हो रहा है। जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। केदारनाथ यात्रा के लिए वर्ष 2013 से अभी तक वैकल्पिक मार्ग नहीं तलाशे गए। चौमासी-केदारनाथ और त्रियुगीनारायण-केदारनाथ जैसे वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि केदारनाथ धाम से शिला लेकर दिल्ली ले जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जो आपदा आई है कहीं न कहीं इन कृत्यों की ओर इशारा कर रही है। इस मौके पर नारायणी देवी, जलई गांव की महिला मंगल दल अध्यक्ष रश्मि देवी, आयुषी आदि मौजूद थे।

# संपादकीय



## हिंडनबर्ग के नए आरोप

'हिंडनबर्ग रिसर्च' कोई प्रामाणिक, वेद-पुराण सरीखी कंपनी नहीं है कि जिस पर भारत आंख मूंद कर विश्वास कर सके। उसके अपने हित और मुनाफे हैं, जिनके लिए वह किसी भी औद्योगिक समूह अथवा संवैधानिक हस्ती को निशाना बनाती रही है। हिंडनबर्ग की अपनी विश्वसनीयता अमरीका में ही सवालिया है, उसके खिलाफ जांच जारी है, लेकिन हमारी सियासत ऐसी है मानो हिंडनबर्ग की रपट के जरिए कोई 'रहस्य' खुल गया हो! हिंडनबर्ग की भारत में पहली रपट करीब 18 माह पूर्व सार्वजनिक हुई थी। उसमें अडानी समूह निशाने पर था। उसकी कंपनियों में शेयरों की हेराफेरी और धनशोधन सरीखे सवालों के जरिए आरोप लगाए गए थे। रपट का असर ऐसा हुआ कि अडानी की संपत्ति 120 अरब डॉलर से घटकर 39.9 अरब डॉलर तक लुढ़क आई थी। समूह के शेयर औंधे मुंह गिरे थे। तब समूह के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर उद्योगपति थे और एशिया में वह नंबर वन पर थे। बहुत नुकसान हुआ था, लेकिन समूह को कलंकित नहीं किया जा सका। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा और सेबी की जांच को 'उचित' माना गया। अदालत ने कहा कि सीबीआई या एसआईटी जांच की जरूरत नहीं है, प्रतिभूति और बाजार की नियामक सेबी ही सक्षम एजेंसी है। बहरहाल हिंडनबर्ग ने एक बार फिर अपनी रपट जारी की है। उसमें अडानी समूह के साथ-साथ सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को भी निशाने पर लिया है। आरोप सही हैं या पूर्वाग्रही हैं, सेबी प्रमुख और उनके पति का स्पष्टीकरण कितना प्रामाणिक है, हम उन पर टिप्पणी नहीं कर सकते, क्योंकि यथार्थ हमारे सामने नहीं है। हम उनके निवेश को भी नहीं जानते, लेकिन कुछ भी जाने बिना ही कांग्रेस ने इसे 'महाघोटाला' करार दे दिया है और संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) की जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता चिल्लाने लगे हैं कि सेबी की भी जांच की जाए। उसकी कार्यप्रणाली संदिग्ध है। यही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो सवाल किया है कि सेबी प्रमुख का इस्तीफा अभी तक क्यों नहीं लिया गया? यदि बाजार में छोटे निवेशकों का नुकसान होगा, तो कौन जिम्मेदार होगा? इन सवालों से बेपरवाह देश की शेयर मार्केट ने इस बार हिंडनबर्ग की रपट को सिरे से खारिज कर दिया है। सेंसेक्स सिर्फ 56.99 अंक और निफ्टी 20.50 अंक ही लुढ़के, अलबत्ता निवेशकों का बाजार यथावत रहा। सवाल हिंडनबर्ग की रपट पर हैं कि बाजार तो शांत और स्थिर है, लेकिन देश की सियासत क्यों उबल रही है? हिंडनबर्ग आने वाले समय में भारत के प्रधानमंत्री और प्रधान न्यायाधीश सरीखे संवैधानिक चेहरों पर भी कालिख पोत सकती है। किस-किस के इस्तीफों और जेपीसी की मांग करते रहेंगे? क्या हिंडनबर्ग ही भारत की आर्थिक गतिविधियों और नियामक संस्थाओं की कसौटी है, जिस पर सभी की ईमानदारी को आंका जा रहा है? अडानी समूह के साथ कांग्रेस की राज्य सरकारें तो हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर समझौते करती रही हैं, लेकिन हिंडनबर्ग की रपट आते ही पार्टी के नेता अडानी को 'अर्थव्यवस्था का खलनायक' मानने लगते हैं। यह दोगलापन स्वीकार्य नहीं है। यदि हिंडनबर्ग इतनी प्रामाणिक कंपनी है, तो कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकारों के दौरान कई घोटाले सामने आए, उन पर रपटें क्यों नहीं प्रकाशित की गईं?

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## डीएम से की विद्यालय भवन की छत को ठीक कराने की मांग

नई टिहरी। जौनपुर ब्लाक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जमठियाल गांव की प्रबंधन समिति और स्थानीय लोगों ने विद्यालय के बदहाल भवन व इस भवन की छत को ठीक करवाने की मांग करते हुए डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपा।

जमठियाल गांव के स्थानीय लोगों ने डीएम दीक्षित को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जून माह में आए आंधी-तूफान से राउप्रावि जमठियाल गांव की छत बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

भवन को भी नुकसान पहुंचा था। तत्काल में स्थानीय पटवारी ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट भी सौंपी। लेकिन आज तक विद्यालय भवन की छत को ठीक करने का काम नहीं किया गया है। भवन छत ठीक न होने से विद्यालय के संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति व स्थानीय लोगों ने विद्यालय भवन की छत को तत्काल ठीक कराने की मांग डीएम से की है। ज्ञापन देने वालों में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल चमोली, प्रधान शिव दयाल, शूरवीर सिंह कैंतुरा, भरत राम, दुकम सिंह आद शामिल रहे।

## हरकी पैड़ी के पास पुल से महिला गंगा में कूदी

हरिद्वार। हरकी पैड़ी के पास पौड़ी जिले की रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को पुल से गंगा में छलांग लगा दी और वह डूबकर लापता हो गई। पुलिस ने महिला की तलाश में सर्च अभियान चला, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी यहां के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक घटना हाथी पुल के पास बने लोहे के पुल की है।

बताया कि मंगलवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला ने गंगा में छलांग लगा दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर एक पन्नी टंगी हुई मिली। इसमें महिला की चुन्नी, मोबाइल फोन, आधार कार्ड और अंगूठी मिली। आधार कार्ड से महिला की पहचान बीना देवी निवासी नौड़ी नैदी, पौड़ी गढ़वाल के तौर पर हुई। एसएसआई सत्येंद्र सिंह बुटोला ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। महिला की तलाश की जा रही है।

## भाजपा ने तुलसी चौक पर चलाया शुद्धिकरण अभियान

हरिद्वार। भाजपा सप्तऋषि मंडल ने कांग्रेस के खिलाफ तुलसी चौक पर धूपबत्ती जलाकर, मंत्रोचारण के साथ भूमि का शुद्धिकरण किया। साथ ही मां गंगा से कांग्रेस को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। शुद्धिकरण अभियान में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और अभियान के संयोजक विकास तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की यात्रा में सीमित लोग ही जुट पा रहे हैं। कॉरिडोर पर नगर विधायक और मुख्यमंत्री की ओर से स्थिति स्पष्ट करने के बाद भी कांग्रेस और उसके नेता खिसियाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी राजनीतिक रूप से नगर निगम चुनाव को लेकर कोई मुद्दा ढूंढ रहे हैं। वर्तमान में कॉरिडोर कोई मुद्दा नहीं रह गया है और हरिद्वार के व्यापारी और आम जनता को कांग्रेस की असलियत समझ में आ गई है।

## बारिश के बाद विष्णु घाट बाजार में आये मलबे से व्यापारी परेशान

हरिद्वार। बारिश के बाद विष्णुघाट बाजार में मलबा आने से व्यापारी परेशान रहे। मंगलवार सुबह विष्णु घाट बाजार के व्यापारी खुद ही दुकान के सामने जमा मिटटी को हटाते नजर आए। अपनी दुकान के बाहर जमा मलबा हटा रहे व्यापारी अमित ने बताया कि सोमवार रात को हुई बारिश के बाद मलबा बाजार में आ गया था। दुकान के आने जाने तक का रास्ता तक नहीं बचा था। इसलिए खुद ही दुकान के बाहर का मलबा हटाने का कार्य करना पड़ा।

# संक्षिप्त खबरें

## छात्र छात्राओं ने कनखल क्षेत्र में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिद्वार। कनखल के डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर संन्यास रोड, शंकराचार्य चौक से होकर वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं और एनसीसी के कैडेटों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा प्रारंभ करने से पहले प्रधानाचार्य डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग और बलिदान से आजादी दिलाई। इसे सुरक्षित रखने व देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## प्रत्येक माह में प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को लगेंगे तहसील दिवस

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को बताया कि हर माह पहले और तीसरे मंगलवार को एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किए जाएंगे। इसमें संबंधित क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार और बीडीओ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बताया कि तहसील दिवस के कार्यकलापों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने के लिए रैंडम आधार पर वह खुद किसी भी तहसील के तहसील दिवस में भाग लेंगे। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों की समय से उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि कोई अधिकारी तहसील दिवस में अपरिहार्य कारणों से प्रतिभाग करने में असमर्थ होने पर कारणों का स्पष्ट उल्लेख कर अपने स्थान पर कार्यालय के किसी अन्य अधिकारी को नामित कर उसकी सूचना एक दिन पहले भेजें। जनपद में प्रत्येक माह में प्रथम और तृतीय मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा।

## हरिद्वार के युवकों को हरियाणा में बनाया बंधक, रंगदारी मांगी

हरिद्वार। हरियाणा में हरिद्वार के तीन युवकों को बंधक बनाकर मारपीट कर रंगदारी वसूलने का मामला सामने आया है। बदमाशों की चुंगल से छूटकर किसी तरह युवक भाग निकले। इसके बाद वह परिजनों को सड़क किनारे पड़े मिले। सिडकुल पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सिडकुल की रामधाम कालोनी निवासी संजीव चौहान ने श्याम पुत्र चंदन सिंह निवासी गुजराडी भिवंडी हरियाणा, दीपक राज पुत्र रिसाल सिंह निवासी खेड़ा थाना उखलडा मंडी जिला हिसार हरियाणा, लवदीप, आरके, धीरज, सचिन चौधरी, राजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि बीते पांच अगस्त को उनका पुत्र विशाल चौहान अपने दोस्त मनीष, दलीप के साथ खाटू श्याम मंदिर जयपुर घूमने जाने के लिए कहकर घर से गया था।

## छात्र छात्राओं ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया

हरिद्वार। पुलिस मॉडर्न स्कूल 40 वीं वाहिनी पीएसी में मंगलवार को शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के प्रबंधक, सेनानायक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने नशा मुक्ति अभियान दिवस के मौके पर भविष्य में नशे से मुक्ति के लिए प्रतिज्ञा ली। साथ ही भविष्य में देश को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उप सेनानायक सुरजीत सिंह पंवार ने छात्र-छात्राओं से अपना जीवन नशे से मुक्त रखने का आह्वान किया। वहीं, हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वाहिनी परिसर में कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया।

## तपती धूप ने लोगों को परेशान किया

हरिद्वार। धर्मनगरी में मंगलवार को तपती धूप ने लोगों को परेशान किया। सुबह से धूप निकलने के बाद दिन में गर्मी बढ़ गई। दिन में उमस ने लोगों के पसीने निकाल दिए। वहीं अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रिकॉर्ड हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सोमवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। तापमान में बढ़ोतरी के कारण मंगलवार को गर्मी का एहसास बना रहा। दिन में गर्मी से लोग जूझते रहे। दोपहर के समय धूप की तपिश में सड़कों पर आवागम करने वाले लोगों बेहाल कर दिया। शाम को गर्मी से लोग परेशान रहे। रात को भी धर्मनगरी में गर्मी बढ़ गई। रात के समय भी लोग गर्मी से जूझते रहे।

## वाहन की टक्कर से कांवड़िये की मौत

हरिद्वार। हरिद्वार से कांवड़ लेकर जा रहे यात्री की सप्तऋषि क्षेत्र में लोडर वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि रविवार देरात देहरादून के नवादा निवासी मोहित सिंह कांवड़ लेकर वापस लौट रहे थे। सप्तऋषि पुलिस चौकी के पास उन्हें एक माल वाहक बहन ने टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद सोमवार की शाम शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसएसआई सत्येंद्र सिंह बुटोला ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस की कॉरिडोर हटाओ - हरिद्वार बचाओ जन जागरण यात्रा का समापन

हरिद्वार। कांग्रेस की कॉरिडोर हटाओ, हरिद्वार बचाओ जन जागरण यात्रा पांचवें दिन कनखल के बूढ़ी माता मंदिर से कृष्णा नगर, विष्णु गार्डन होते हुए सिंहद्वार तक की गई। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर यात्रा का समापन किया गया। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि बीजेपी के नेता लोगो को गुमराह करने का काम रही है। कांग्रेस कभी किसी को गुमराह नहीं करती है और जनहित के लिए संघर्ष करती है। कॉरिडोर जैसी योजना जनता के हित में नहीं है और इसे लागू नहीं होने दिया जायेगा। प्रदेश महासचिव अनिल भास्कर ने कहा कि खुद भाजपा नेता कॉरिडोर के विरोध में है लेकिन डर के कारण वह कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। व्यापारियों और जनता का गुस्सा आने वाले निगम चुनाव में नजर ना आये इसलिए गुमराह कर रहे हैं।

## भूखंड पर कब्जे के लिए तोड़ी चहारदीवारी, पिता पुत्र नामजद

हरिद्वार। आन्नेकी हेत्तमपुर में एक भूखंड पर कब्जा करने के लिए चहारदीवारी को तोड़कर लोहे का गेट चोरी कर लिया। सिडकुल पुलिस ने मंगलवार को मामले में पिता पुत्र सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलेमपुर महदूद निवासी अबरार अली ने बिजेन्द्र व उसके पुत्र शुभम निवासीगण बहादराबाद एवं 7-8 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम आन्नेकी हेत्तमपुर में उसका भूखंड है।

# धामी कैबिनेट में हुए कई बड़े फैसले

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने कई बड़े फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यही नहीं कई विभागों में नए पदों पर भर्तियों को भी मंजूरी प्रदान की गई है। किसी बंदी की मृत्यु पर मुआवजा दिए जाने संबंधी नीति लाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इस नीति के तहत 2 लाख से 5 लाख तक कि मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।



**उत्तराखंड कैबिनेट के फैसले**

1- नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाए जाने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की गई है।

2- ग्राम्य विकास विभाग-उत्तराखंड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर की सूची में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, ग्राम्य विकास एवं आयुक्त, ग्राम्य विकास को उत्तराखंड ग्राम विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस में सदस्य के रूप में शामिल किए जाने को मंजूरी दी गई है।

3- उत्तराखंड खनन (अवैध खान, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियमावली 2024 के नियम-14 के उपनियम (5) में संशोधन किए जाने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना को मंजूरी।

4- उत्तराखंड भूतल एवं खनिकर्म खनिज पर्यवेक्षक सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन को मंजूरी। यही नहीं उत्तराखंड भू-तत्व एवं खनिकर्म अधीनस्थ प्राविधिक सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन को भी मंजूरी।

5- समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत देहरादून के रायवाला में 50 वृद्धजनों की क्षमता वाले नवनिर्मित वृद्ध एवं अशक्त आवास गृह के संचालन हेतु कुल 7 पदों के सृजन को मंजूरी। राज्य के हर जिले में वृद्ध एवं अशक्त आवास गृहों के निर्माण को मंजूरी।

6- उत्तराखंड प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली 2024 को मंजूरी।

7- उत्तराखंड बंदी की मृत्यु पर मुआवजा राशि के भुगतान की नीति (2024) को मंजूरी। इसके तहत 2 लाख से 5 लाख तक कि मुआवजा राशि दी जाएगी।

8- उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की हड़ताल अवधि में वेतन का समायोजन संबंधित कार्मिकों के उपार्जित अवकाश के संबंध मंजूरी।

9- कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत सगंध पौधा केंद्र, सेलाकुई में फील्ड सहायक/मास्टर ट्रेनर के 9 अस्थाई पद सृजित करने को मंजूरी।

10- कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत भगवानपुर मंडी को प्रधान मंडी बनाया जाएगा।

11- शहरी विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रामनगर के सीमा विस्तार को मंजूरी।

12- शहरी विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग से सेमीग्वाड़ क्षेत्र को अलग करने को मंजूरी।

13- विज्ञान एवं प्रद्योगिकी विभाग, सूचना प्रद्योगिकी सुराज एवं विज्ञान प्रद्योगिकी अनुभाग-2 के तहत संचालित स्वयतशासी संस्था, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रद्योगिकी परिषद (u-cost) में रिक्त पदों को अनफ्रीज कर भर्ती शुरू करने को मंजूरी।

14- नगर पालिका परिषद डोईवाला को श्रेणी 3 से 1 में अपग्रेडेशन को मंजूरी।

15- उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 एवं उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में संशोधन को विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी।

16- नगर पालिका परिषद नगला की सीमा से गोविंद वल्लभ पंत यूनिवर्सिटी को बाहर किया जाएगा।

17- खेल विश्वविद्यालय में सुधार के लिए उत्तराखंड खेल विवि विधेयक 2024 को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी।

18- उत्तराखंड होम गार्ड कल्याण कोष संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी।

19- उत्तराखंड लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 को विधेयक के लिए मंजूरी।

20- पंचकेदार-पंचबद्री को उत्तराखंड पर्यटन युनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल किए जाने के लिए संस्थान के चयन को मंजूरी।

21- जेडए-एलआर एक्ट उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश और भूमि अधिनियम 1950, संशोधन के लिए विधेयक लाने को मंजूरी।

22- पौड़ी जनपद कोटद्वार में नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि का निशुल्क आवंटन किया जाएगा। राज्य में नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए निःशुल्क जमीन आवंटन को मंजूरी।

23- उत्तराखंड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना 2024 के प्रख्यापन किए जाने के संबंध में कैबिनेट को मंजूरी।

24- अन्य पिछड़ा जाति (पूर्व दशम एवं दशमोत्तर) और ईबीसी छात्रवृत्ति योजना के तहत भारत सरकार की ओर से निर्गत नवीन दिशा निर्देशों को प्रदेश में लागू किए जाने के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी।

25- उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में अधिनियम के अनुसार आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020 - 21 और 2021 - 22 को विधानसभा के पटल पर रखे जाने को मंजूरी।

26- उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग (लिपिकवर्गीय) सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी।

27- उत्तराखंड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा (संशोधन) नियमावली 2024 को मंजूरी।

28- होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान के लिए पदों के सृजन संबंधी शासनादेश में भाषायी त्रुटि और कतिपय पदों के वेतनमान / ग्रेड वेतन / पदनाम को संशोधित किए जाने को मंजूरी।

29- उत्तराखंड नगर निगम (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली 2024 और उत्तराखंड नगर पालिका (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली 2024 को मंजूरी।

30- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति 2015 (संशोधित) के तहत वित्तिय प्रोत्साहनों के लिए CAF पर सैद्धांतिक मंजूरी की तिथि के संबंध में छूट प्रदान किए जाने को मंजूरी।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर तिंरगा यात्रा आयोजित की जा रही

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, स्कूल, कालेज एवं संगठनों की भागीदारी कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए।




तिंरगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित कराते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों कालेजों एवं संगठनों की सहभागिता बनाने, तिरंगा संगीत कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों का प्रसारण, तिंरगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मेरी माटी मेरादेश अभियान के तहत बनाए गए शिलापटों के पास प्रतिज्ञा के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है।

वहीं विभिन्न स्थानों पर तिंरगा यात्रा आयोजित की जा रही है। आज जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकालते हुए। तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा स्थानीय भाषा में प्रतिज्ञा लेते हुए जनमानस को भी प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 से 14 अगस्त 2024 तक वृहद्धस्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत आज नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश, नगर पालिका परिषद, नगर निकाय क्षेत्रों में जिला पंचातीयीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आपदा प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

नई टिहरी। राजकीय शिक्षक संघ भिलंगना ने आपदाग्रस्त जखन्याली, नौताड़ और मुयाल गांव में प्रभावित परिवारों को संघ की ओर से आर्थिक राहत राशि, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान वितरित किया। मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आपदा में मारे गए लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। राशिसं ने बीती 31 जुलाई की रात्रि को आई आपदा में मारे गए भानु प्रसाद की माता को 21 हजार रुपये की नगद आर्थिक राशि भेंट की। भानू प्रसाद, उनकी पत्नी नीलम और पुत्र विपिन की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। शिक्षक संघ ने नौताड़ में आपदा प्रभावित जशोदा देवी तथा मुयाल गांव की प्रभावित अनीता देवी को भी 11-11 हजार रुपये की नगद राशि भेंट की। संघ के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शिक्षक संघ की ओर से बूढ़ाकेदार और तिनगढ़ के आपदा प्रभावितों को भी राहत पहुंचाई गई। मौके पर उपाध्यक्ष संजय गुसाईं, सचिव दाताराम पुरवाल, रीना गुसाईं, विजयराज मियां, हरीश रावत, रामचंद्र शाह, शैलेंद्र गैरोला, उपेंद्र मैठाणी, गोपेश्वर अंथवाल, राजेश कांडपाल, रेखा डंगवाल, राजेश लेखवार,अरविंद रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय को संचार सुविधा को जोड़ने को छात्रों ने लगाया जाम

नई टिहरी। महाविद्यालय में संचार सुविधा उपलब्ध कराने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बालगंगा महाविद्यालय सेंदूल केमर के छात्र-छात्राओं ने सांकेतिक जाम लगातार विरोध जताया। गुस्साएं छात्र-छात्राओं के आंदोलन को देखते हुए स्थानीय लोग भी आंदोलन के समर्थन में मौके पर पहुंच गए। आधा घंटे बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार सदर के आश्वासन पर आंदोलनकारी छात्रों से आंदोलन समाप्त किया। मंगलवार को बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल केमर के छात्र-छात्राओं ने लंबित मांगों को लेकर चमियाला घनसाली मोटर मार्ग पर कॉलेज गेट के बाहर सांकेतिक जाम लागकर नारेबाजी की। एनएसयूआई के पूर्व महासचिव नरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं जाम लगाते हुए धरने पर बैठ गए। पूर्व महासचिव ने कहा कि, कॉलेज परिसर में संचार सुविधा उपलब्ध ही नहीं हैं, जबकि कई बार टॉवर लगवाने को लेकर प्रश्नसान से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन आजतक महाविद्यालय नेटवर्क से नहीं जुड़ पाया। जिससे छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही चमियाला-घनसाली मोटर मार्ग पर दो-दो नगर पंचायतों का कूड़ा डंपिंग जोन बनाया गया हैं, जिससे महाविद्यालय आने-जाने वाले छात्र- छात्राओं को कूड़े के ढ़ेर से उठने वाली दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा हैं।

### चंबा में तिरंगा यात्रा किया गया आयोजन

नई टिहरी। मंगलवार को चंबा नगर पालिका में पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद के नेतृत्व में भाजपाईयों ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी भर्त्सना भी की गई। चंबा पालिका क्षेत्र में पूर्व काबीना मंत्री यतीश्वरानंद, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपाईयों सहित स्थानीय लोगों ने जमकर शिरकत की। इस मौके पर देशभक्ति नारों के साथ नगर क्षेत्र में तिरंगे लहराते हुए भ्रमण किया गया। जिसके बाद स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर भाजपाईयों ने बैठक कर निर्णय लिया की स्वतंत्रता दिवस के पर्व को पूरी जोशो-खरोश से मनाया जाएगा।

### हिन्दूओं पर हमलों का मशाल जुलुस के साथ विरोध किया

नई टिहरी। बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे हमलों के विरोध में चंबा में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और स्थानीय लोगों ने सोमवार रात को मशाल जुलूस के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान कैंडल जलाकर मारे गए हिन्दुओं को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे हमलों को जोरदार विरोध किया गया। विहिप, बजरंग दल के साथ स्थानीय लोगों ने मशाल जुलूस के साथ नगर के भीतर घुमते हुए प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सभी प्रदर्शनकारी संगठनों और आम लोगों ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के हिन्दूओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। जुलूस प्रदर्शन में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह सजवाण, जिला मंत्री विनय तिवारी, विभाग मंत्री सुरम तोपवाल, चंदन सिंह राणा, विकास रावत, बलवीर सिंह, धीरेंद्र रावत, प्रवीन रावत, स्वराज देवली, शिवप्रसाद उनियाल, गौरव नेगी आदि मौजूद रहे।

### चौरास में छात्रों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विवि चौरास परिसर में तिरंगा रैली निकाली गई। डॉ. ब्रिजेश गांगिल के संयोजन में रैली छात्रावास से होते हुए योगा विभाग से पर्यावरण विभाग, वाणिज्य, पुरातत्व, खेल मैदान से होते हुए इंजीनियरिंग विभाग से वापस स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह तक निकली गई। इस दौरान छात्रों ने क्षेत्र आस-पास के लोगों को तिरंगा फहराने के लिए जाग्रत किया। तिरंगा रैली में गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी, कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार, मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो. दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### छात्रों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज डांगचौरा में पीएम श्री योजना समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने छठी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के कुल 212 छात्रों का हीमोग्लोबिन, बीपी, दंत परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज ने छात्रों को अपनी दिनचर्या में खानपान पर विशेष तौर पर ध्यान रखने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि देवस्थली पीजी कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च (नर्सिंग कॉलेज) के निदेशक शक्ति डोभाल ने सभी बच्चों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही। मौके पर प्रो. प्रशांत पांडे, प्रधानाचार्य चंडी प्रसाद देवली, डॉ. अनिल सेमवाल, डॉ. प्रतिभा भट्ट, शिव सिंह नेगी, विनोद ममगाईं आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉस्टिंग से घर पर पड़ी दरारें

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत भादीखाल-बोंगारामपुर मोटरमार्ग के निर्माण कार्य में ब्लॉस्टिंग किए जाने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्राम प्रधान बोंगारामपुर राजेंद्र सिंह और ग्रामीण बुद्धि सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधीन बन रही भादीखाल-बोंगारामपुर मोटरमार्ग के निर्माण कार्य में विस्फोटक से ब्लॉस्टिंग की जा रही है। जिससे मकान में दरारे पड़ गयी है। कहा कि जिस समय ब्लास्ट किया गया उस समय सभी लोग घर के अंदर थे। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मकान के नुकसान की भरपाई करने के साथ ही सड़क निर्माण में विस्फोटक का प्रयोग बंद करने की मांग की है।